भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2402
17 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर
सिक्किम में आयुष स्वास्थ्य केंद्र

2402. श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषरूप से सिक्किम में आयुष स्वास्थ्य केंद्रों की प्रमुख विशेषताओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) पूर्वोत्तर क्षेत्र, विशेषरूप से सिक्किम में स्थापित/प्रस्तावित और क्रियाशील आयुष स्वास्थ्य केंद्रों का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) सिक्किम राज्य में जिला स्तर पर आयुष केंद्रों के विकास के लिए उठाए गए कदमों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत के तहत पूर्वोत्तर (एनई) राज्यों सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के माध्यम से 12,500 आयुष स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी) [अब इसका नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) कर दिया गया है] को राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के विस्तृत कार्यक्षेत्र के तहत वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक चरणबद्ध तरीके से संचालित करने संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है, जिसे अब वर्ष 2024-25 तक बढ़ा दिया गया है। आयुष स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों की मुख्य विशेषताएं **संलग्नक-I** में दी गई हैं।

(ख) और (ग): सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित आयुष अस्पतालों और औषधालयों की स्थिति **संलग्नक-II** में दी गई है। इसके अतिरिक्त, चूंकि जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, अत: सिक्किम सहित पूर्वोत्तर (एनई) क्षेत्र में जिला स्तर पर आयुष स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना करना संबंधित राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के तहत, पूर्वोत्तर राज्य सरकारों को 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना और वर्तमान आयुष औषधालयों और स्वास्थ्य उप केंद्रों जिसका नाम अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) रखा गया है, को अद्यतित करके आयुष स्वास्थ्य आरोग्य केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी) के संचालन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है, राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से पूर्वोत्तर राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने समस्त पूर्वोत्तर (एनई) क्षेत्र में 40 एकीकृत आयुष अस्पताल और 829 एएएम (आयुष) को अनुमोदित किया है। इनमें से 02 एकीकृत आयुष अस्पताल और 18 एएएम (आयुष) सिक्किम में हैं। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर (एनई) क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) और एकीकृत आयुष अस्पतालों का राज्य-वार और जिला-वार विवरण क्रमशः **संलग्नक-III** और **संलग्नक-IV** में दिया गया है।

*****

संलग्नक-I

आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों की मुख्य विशेषताएं
[अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)]

पृष्ठभूमि:
केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक चरणबद्ध तरीके से केन्द्रीय प्रायोजित योजना मोड में और राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के विस्तृत कार्यक्षेत्र के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से 12,500 आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों को संचालित करने संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया।

विजन:
- आयुष सिद्धांतों और प्रथाओं पर आधारित एक समग्र आरोग्य मॉडल स्थापित करना।

उद्देश्य:
- दल-आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करके आयुष के माध्यम से व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना

- वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियों के साथ एकीकरण स्थापित करके निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक और पुनर्वास स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित करते हुए आयुष सिद्धांतों और प्रथाओं पर आधारित एक समग्र आरोग्य मॉडल स्थापित करना
- आयुष सेवाएँ उपलब्ध कराकर जरूरतमंद लोगों को सूचित विकल्प प्रदान करना

कार्यान्वयन की रणनीति:

आयुष मंत्रालय को आयुष्मान भारत के तहत 12,500 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र विकसित करने का कार्य सौंपा गया है। इसे राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से प्राप्त किया जाएगा। इसका वित्तपोषण राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के माध्यम से किया जाएगा।

आयुष मंत्रालय ने, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के परामर्श से, आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों को अद्यतित करने के लिए निम्नलिखित दो मॉडल प्रस्तावित किए हैं:

- आयुष औषधालयों को अद्यतित करना
- वर्तमान उप स्वास्थ्य केंद्रों (एससी) को अद्यतित करना

राष्ट्रीय आयुष मिशन के माध्यम से उपर्युक्त दोनों मॉडलों के लिए वित्त पोषण प्रदान किया जाएगा।

संलग्नक- II

(i) **दिनांक 01.04.2023 तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में आयुष अस्पतालों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार कुल संख्या**

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**आयुर्वेद**	**यूनानी**	**सिद्ध**	**योग**	**प्रा. चिकित्सा**	**होम्योपैथी**	**सोवा रिग्पा-**	**कुल**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**	**(6)**	**(7)**	**(8)**	**(9)**	**(10)**
क. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र									
1.	अरुणाचल प्रदेश	10	0	0	0	0	1	0	**11**
2.	असम	1	0	0	0	0	1	0	**2**
3.	मणिपुर	6	5	0	5	0	9	0	**25**
4.	मेघालय	4	0	0	0	0	8	0	**12**
5.	मिजोरम	2	0	0	0	0	8	0	**10**
6.	नागालैंड	2	0	0	2	0	2	0	**6**
7.	सिक्किम	2	0	0	1	0	2	1	**6**
8.	त्रिपुरा	3	0	0	1	0	3	0	**7**
कुल (क)		**30**	**5**	**0**	**9**	**0**	**34**	**1**	**79**
ख. सीजीएचएस एवं केंद्रीय सरकारी संगठन		3	1	0	0	0	1	0	5
कुल (क+ख)		**33**	**6**	**0**	**9**	**0**	**35**	**1**	**84**

स्रोत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एवं संबंधित एजेंसियां।

(ii) दिनांक 01.04.2023 तक पूर्वोत्तर क्षेत्र में आयुष औषधालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार कुल संख्या

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आयुर्वेद	यूनानी	सिद्ध	योग	प्रा. चिकित्सा	होम्योपैथी	सोवा रिग्पा	कुल
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
क. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र									
1.	अरुणाचल प्रदेश	38	1	0	0	0	133	2	**174**
2.	असम	505	0	0	0	0	68	0	**573**
3.	मणिपुर	0	0	0	0	0	1	0	**1**
4.	मेघालय	39	0	0	2	0	54	0	**95**
5.	मिजोरम	1	0	0	0	0	20	0	**21**
6.	नागालैंड	10	0	0	2	0	34	0	**46**
7.	सिक्किम	2	0	0	0	0	10	1	**१३**
8.	त्रिपुरा	35	0	0	0	0	66	0	**101**
कुल (क)		**630**	**1**	**0**	**4**	**0**	**386**	**3**	**1024**
ख. सीजीएचएस एवं केंद्रीय सरकारी संगठन		27	0	0	2	1	20	0	50
कुल (क+ख)		**657**	**1**	**0**	**6**	**1**	**406**	**3**	**1074**

स्रोत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एवं संबंधित एजेंसियां।

संलग्नक- III

सिक्किम सहित पूर्वोत्तर (एनई) क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का विवरण

क्र. सं.	राज्य का नाम	कुल अनुमोदित	कुल कार्यात्मक
1	अरुणाचल प्रदेश	89	89
2	असम	500	500
3	मणिपुर	15	15
4	मेघालय	45	22
5	मिजोरम	41	41
6	नागालैंड	49	49
7	**सिक्किम**	**18**	**18**
8	त्रिपुरा	72	72
कुल		**829**	**806**

सिक्किम राज्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का जिलावार विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जिले का नाम	अनुमोदित एएएम (आयुष) की कुल संख्या	कुल एएएम (आयुष) कार्यात्मक संख्या
सिक्किम	ग्याल्शिंग (पश्चिम)	9	9
	नामची (दक्षिण)	9	9
	कुल	**18**	**18**

संलग्नक-IV

सिक्किम सहित पूर्वोत्तर (एनई) क्षेत्र में एकीकृत आयुष अस्पतालों का विवरण

क्र. सं.	राज्य	स्थान	ज़िला	चिकित्सा पद्धति	बिस्तरों की संख्या	स्थिति
1	अरुणाचल प्रदेश	यिंगकिओंग	ऊपरी सियांग	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माणाधीन
2		सेप्पा	पूर्वी कामेंग	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
3		जीरो	निचला सुबनसिरी	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
4		भालूकपोंग	पश्चिम कामेंग	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग	50	निर्माणाधीन
5		लीकाबाली	निचला सियांग	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग	50	निर्माणाधीन
6	असम	गोलपाड़ा	गोलपाड़ा	आयुर्वेद	50	कार्यात्मक
7		माजुली	माजुली	आयुर्वेद	50	कार्यात्मक
8		कोकराझार	कोकराझार	आयुर्वेद और होम्योपैथी	50	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
9		बक्सा	बक्सा	आयुर्वेद और होम्योपैथी	50	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
10		मोरीगांव	मोरीगांव	आयुर्वेद और होम्योपैथी	50	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
11		कालियाबोर	नगांव	आयुर्वेद और होम्योपैथी	50	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
12		दिफू	कार्बी आंगलोंग	आयुर्वेद और होम्योपैथी	30	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
१३		बाजाली	बाजाली	आयुर्वेद और होम्योपैथी	10	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
14	मणिपुर	मोरेह	टेंग्नौपाल	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	50	कार्यात्मक
15		चूराचांदपुर	चूराचांदपुर	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	50	निर्माण पूरा हुआ
16		क्राकेइथेल कोनजेंग लेइकाई	इम्फाल पश्चिम	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	कार्यात्मक
17		केइराओ एसी	इम्फाल पूर्व	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	50	कार्यात्मक
18		चंदेल	चंदेल	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माणाधीन
19		जिरीबाम	जिरीबाम	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माणाधीन
20		कांगपोकपी	कांगपोकपी	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माणाधीन

21		बिश्नुपुर	बिश्नुपुर	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माणाधीन
22		नोनी	नोनी	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माणाधीन
23		थौबल	थौबल	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माणाधीन
24		सेनापति	सेनापति	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	10	निर्माणाधीन
25	मेघालय	सोहरा (चेरापूंजी)	पूर्वी खासी हिल्स	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	50	निर्माण पूरा हुआ
26		उमट्टू	री भोई	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	50	कार्यात्मक
27		जोवाई	पश्चिमी जैंथिया हिल्स	होम्योपैथी, योग, आयुर्वेद	30	निर्माणाधीन
28	मिजोरम	आइज़ोल	आइज़ोल	आयुर्वेद और होम्योपैथी	50	निर्माणाधीन
29		सैतुअल	सैतुअल	आयुर्वेद और होम्योपैथी	10	निर्माणाधीन
30	नागालैंड	नोक्लाक, तुएनसांग	नोक्लाक	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग	30	कार्यात्मक
31		रज़ा, चेडेमा	कोहिमा	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग	50	कार्यात्मक
32		सपांग्या (चुंगटिया)	मोकोकचुंग	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग	50	निर्माणाधीन
33		याचेम	लोंगलेंग	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग	30	निर्माणाधीन
34		किफायर	किफायर	होम्योपैथी	30	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
35		तिजित	मोन	आयुर्वेद, होम्योपैथी	30	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
36		अकुहाईतो	ज़ुन्हेबोटो	आयुर्वेद, होम्योपैथी	30	निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ
37	**सिक्किम**	**क्योंगसा, पश्चिम सिक्किम**	**ग्यालशिंग**	**आयुर्वेद और होम्योपैथी**	**50**	**कार्यात्मक**
38		**एनआईटी, देवराली**	**गंगटोक**	**सोवा रिग्पा-**	**30**	**निर्माणाधीन**
39	त्रिपुरा	पैराडाइज़ चौमुहानी, अगरतला	पश्चिमी त्रिपुरा	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा	50	कार्यात्मक
40		दक्षिण सबरूम	दक्षिण त्रिपुरा	आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग	50	निर्माण पूरा हुआ